*This Question Paper contains 8 printed pages.*
***(Sections - A, B, C & D)***

Sl.No. 09068

# 02(H)

**(MAY, 2021)**
**(New Course)**

***Time : 3 Hour]*** ***[Maximum Marks : 80***

**सूचनाएँ :**

1) हस्तलेखन को स्पष्ट लिखिए।

2) इस प्रश्नपत्र में चार विभाग हैं A, B, C और D एवं कुल 1 से 58 प्रश्न हैं।

3) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं, आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

4) दाहिनी ओर प्रश्न के अंक दिये गए हैं।

5) सूचना के अनुसार आकृतियाँ स्वच्छ, स्पष्ट और उचित प्रमाण में बनाएँ।

6) नया विभाग नये पन्ने पर लिखिए। प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दीजिए।

## विभाग - A

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए।** [5]

1) कस्बे के मुख्य चौराहे पर किसकी प्रतिमा लगी थी?

(A) नेताजी सुभाष चंद्र बोस

(B) महात्मा गाँधी

(C) पंडित जवाहर लाल नेहरू

(D) सरदार वल्लभ भाई पटेल

2) धान की रोपाई किस महीने में होती है?

(A) आषाढ़

(B) भादों

(C) कार्तिक

(D) फाल्गुन

3) लेखक को कौन–सी पुरानी आदत है?

(A) कल्पना करते रहने की पुरानी आदत है।

(B) लिखते रहने की पुरानी आदत है।

(C) सोते रहने की पुरानी आदत है।

(D) ट्रेन में सफर करने की पुरानी आदत है।

4) फादर बुल्के की मृत्यु किस रोग से हुई थी?

(A) केंसर

(B) जहरबाद

(C) हैजा

(D) मलेरिया

5) लेखिका की माँ उसके पिता के ठीक विपरीत थीं, का आशय क्या है?

(A) उनके स्वभाव और गुणों में बहुत अंतर था।

(B) बच्चों की पढ़ाई पर वे एकमत न थे।

(C) अजमेर में रहते हुए वे झगड़ते थे।

(D) दोनों के स्वभाव मेल नहीं खाते थे।

■ **जोड़े मिलाइए।** [5]

| | **रचनाकार** | | **रचना** |
|---|---|---|---|
| 6) | मन्नु भण्डारी | अ) | लखनवी अन्दाज |
| 7) | स्वयं प्रकाश | ब) | नौबत खाने में इबादत |
| 8) | यतीन्द्र मिश्र | क) | एक कहानी यह भी |
| 9) | सर्वेश्वर दयाल सक्सेना | ड) | मानवीय करुणा की दिव्य चमक |
| 10) | यशपाल | प) | बाल गोबिन भगत |
| | | फ) | नेताजी का चश्मा |

**■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए।** **[2]**

11) बचपन में लेखिका कैसी थीं?

12) बिस्मिल्ला खाँ के माता-पिता का नाम क्या है?

**■ निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए।** **[6]**

13) केप्टन क्या कार्य करता था?

14) आषाढ़ के महीने में किसान क्या करते हैं?

15) सन्यासी बनते समय फादर बुल्के ने क्या इच्छा जाहिर की?

16) घर के ऊपरी मंज़िले में पिताजी क्या करते रहते थे?

**■ निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर छः सात वाक्यों में लिखिए।** **[4]**

17) मुहर्रम से बिस्मिल्ला खाँ के जुड़ाव को अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

18) लेखिका की अपने पिता से वैचारिक टकराहट को अपने शब्दों में लिखिए।

**■ निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए।** **[3]**

19) "वो लँगडा क्या जाएगा फ़ौज में। पागल है पागल!"

अथवा

20) 'फादर कामिल बुल्के को याद करना एक उदास शांत संगीत को सुनने जैसा है'।

## विभाग - B

■ निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए। [5]

21) 'अहो 'मुनीसु' महाभट मानी' – पंक्ति में 'मुनीसु' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है।

(A) परशुराम

(B) लक्ष्मण

(C) राम

(D) विश्वामित्र

22) कौन गुन–गुना कर अपनी कहानी कह जाता है।

(A) भवरा

(B) मधुप

(C) मन

(D) इनमें से कोई नहीं

23) क्या छोड़ कर झोपड़ी में 'जलजात' खिल रहा है?

(A) सरोवर

(B) खेत

(C) तालाब

(D) नदी

24) बेटी किसकी अन्तिम पूँजी है?

(A) बहन

(B) भाई

(C) पिताजी

(D) माँ की

25) गोपियों ने किसको बड़भागी कहा है?

(A) कमल का पत्ता

(B) उद्धव

(C) हारिल

(D) कृष्ण

■ **कोष्ठक में दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति करें।** **[5]**

26) गोपियाँ क्या धारण करना नहीं चाहती।

(धैर्य, लाज, क्षमा)

27) परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने ......... के टूट जाने पर कौन से तर्क दिए।

(बाण, धनुष, राजसभा)

28) स्मृति को .......... बनाने से कवि का क्या आशय है।

(मार्ग, रास्ता, पाथेय)

29) बच्चे की .......... और एक बड़े व्यक्ति की मुसकान में क्या अंतर है।

(मुसकान, वात्सल्य, क्रोध)

30) 'छाया' शब्द का आशय बीते समय की ......... स्मृतियों से है।

(सुखद, दु:खद, विस्मयादि)

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में दीजिए।** **[2]**

31) आग क्या सेंकने के लिए होती है?

32) नौसिखिया किसे कहा गया हैं?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में दीजिए।** **[6]**

33) कवि आत्मकथा लिखने से क्यों बचना चाहते हैं?

34) बच्चे का धूल धूसरित शरीर कवि को कैसा लगता है?

35) कवि मनुष्य को कठिन यथार्थ का पूजन करने को क्यों कह रहा है?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर छः सात वाक्यों में लिखिए।** [4]

36) 'छाया मत छूना' कविता में निहित संदेश को स्पष्ट कीजिए।

37) माँ ने बेटी को क्या क्या सीख दी?

■ **निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी एक पद्यांश की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए।** [3]

38) इहाँ कुम्हड़बतिया कोउ नाहीं।

जे तरजनी देखि मरि जाहीं।।

39) मिला कहाँ वह सुख जिसका मैं–स्वप्न देखकर जाग गया।

आलिंगन में आते आते मुसक्या कर जो भाग गया।

## विभाग - C

■ **निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए।** [2]

40) अँधेरा

41) अग्नि

■ **निम्नलिखित सामासिक शब्दों का विग्रह करके समास का नाम दीजिए ।** [2]

42) महावीर

43) गंगा–यमुना

■ **निम्नलिखित शब्द समूहों के लिए एक – एक शब्द दीजिए।** [2]

44) जो बड़ी मुश्किल से प्राप्त हो सके

45) बहुत तीव्र बुद्धि वाला

■ **निम्नलिखित वाक्यों में से निपात ढूँढकर लिखिए।** [2]

46) बच्चे भी फुटबॉल खेलते हैं ।

47) रमण ही अपने स्कूल गया है ।

■ **निम्नलिखित वाक्यों में से क्रियापद ढूँढकर लिखिए।** [2]

48) एक सफ़ेद पोश सज्जन बहुत सुविधा से पालथी मारे बैठे थे ।

49) जेब से चाकू निकाला ।

■ **निम्नलिखित कहावत का अर्थ लिखिए।** [1]

50) काला अक्षर भैंस बराबर

■ **निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए।** [4]

51) विश्वास घात करना

52) आग लगाना

## विभाग - D

53) आदर्श हिन्दी विद्यालय वडोदा में रिक्त 'शिक्षक' पद हेतु अपना आवेदन पत्र दीजिए । [3]

■ **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** [4]

यह बात उस समय की है जब इंग्लैंड की रानी एलिज़ाबेथ द्वितीय मय अपने पति के हिंदुस्तान पधारने वाली थीं । अखबारों में उनकी चर्चा हो रही थी । रोज लंदन के अखबारों से खबरें आ रही थी कि शाही दौरे के लिए कैसी कैसी तैयारियाँ हो रहीं है – रानी एलिज़ाबेथ का दरज़ी परेशान था कि हिंदुस्तान, पाकिस्तान और नेपाल के दौरे पर रानी कब क्या पहनेंगी? उनका सेक्रेटरी और शायद जासूस भी उनके पहले ही इस महाद्वीप का तुफानी दौरा करनेवाला था । आखिर कोई मजाक तो था नहीं । ज़माना चूँकि नया था ।

**प्रश्न :**

54) हिंदुस्तान कौन पधारने वाली थी?

55) रानी एलिज़ाबेथ का दरजी क्यों परेशान था?

56) रानी से पहले कौन दौरा करने वाला था?

57) गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए?

58) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए। [8]

अ) वैश्विक महामारी के रूप में कोविड-19

ब) प्रदूषण एक वैश्विक समस्या

क) हमारा प्रिय खेल

ड) साहित्य और समाज

●●●